# संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E-mail:- registrarsua@yahoo.com Phone:- 07774-222789, Fax:- 07774-222791


क्रमांक :777/स्थापना/अतिथि शिक्षक/2026 अम्बिकापुर, दिनांक 24/07/2026

## //अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक ESTB/23066/2026-O/Q ADDITIONAL DIRECTOR नवा रायपुर दिनांक 17.07.2026 एवं छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक 77/निस/सं/उशि/2024 दिनांक 12.07.2024 के अनुसार संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) के विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में विषय **विधि, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र, भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स, ललित कला, अंग्रेजी, मानव–विज्ञान और जनजातीय अध्ययन, वाणिज्य, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, हिन्दू अध्ययन** में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एंव निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ **दिनांक 18.08.2026 को सायं 5.00 बजे** तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अर्न्तगत अतिथि शिक्षण सहायक के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा :– अतिथि व्याख्याता अधिकतम 65 वर्ष तक।
3. चयन प्रक्रिया एवं मेरिट का निर्धारण अतिथि व्याख्याता नीति 2024 (यथा संशोधित 2026) के प्रावधानुसार किया जायेगा।
4. छत्तीसगढ़ में अतिथि व्याख्याता (Guest Lecturer) भर्ती नियमों के अनुसार, यदि मेरिट सूची में एक ही श्रेणी (Category) के दो अभ्यर्थियों के अंक समान (Tie) होते हैं, तो राज्य के मूल निवासी को वरीयता दी जायेगी।

**विषय/पदों का विवरण :–**

| क्र. | विषय | रिक्त पद का नाम | पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| | | सहायक प्राध्यापक | |
| 01 | विधि | **01** | **01** |
| 02 | ग्रामीण प्रौद्योगिकी | 02 | 02 |
| 03 | वनस्पतिशास्त्र | 02 | 02 |

| क्र. | विषय | रिक्त पद का नाम<br>सहायक प्राध्यापक | पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 04 | प्राणीशास्त्र | 02 | 02 |
| 05 | रसायनशास्त्र | 02 | 02 |
| 06 | भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स | 02 | 02 |
| 07 | ललित कला | 02 | 02 |
| 08 | अंग्रेजी | 02 | 02 |
| 09 | मानव–विज्ञान और जनजातीय अध्ययन | 02 | 02 |
| 10 | वाणिज्य | 02 | 02 |
| 11 | भूगोल | 02 | 02 |
| 12 | राजनीतिशास्त्र | 02 | 02 |
| 13 | समाजशास्त्र | 02 | 02 |
| 14 | इतिहास | 02 | 02 |
| 15 | अर्थशास्त्र | 02 | 02 |
| 16 | हिन्दू अध्ययन | 02 | 02 |
| | कुल | 31 | 31 |

**टीप** – संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगा।

**शर्ते :–**

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट एम. फिल., पी–एच.डी., अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनाक **18.08.2026** तक कार्यालयीन समय में डाक (स्पीड पोस्ट) के माध्यम से (पता– कुलसचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, सिटी कार्यालय, दर्रीपारा, जिला अस्पताल के पास, अम्बिकापुर (छ.ग.) पिन–497001) अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जाएगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. निर्धारित अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय में प्राप्त आवेदनो पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 27.08.2026 को विश्वविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाइट www.sggvscg.ac.in पर प्रकाशित किया जाएगा।
5. अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 03.09.2026 समय शाम 05:00 बजे तक होगी।
6. अन्तिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 08.09.2026 को किया जावेगा, जिसका अवलोकन विश्वविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाइट www.sggvscg.ac.in पर किया जा सकता है।

7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है, साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एव पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवा समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरान्त संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा विश्वविद्यालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवाएं भविष्य में नियमितीकरण का आधार नही होगा।
10. **मानदेय**

    अतिथि व्यवस्था के अन्तर्गत मानदेय निम्नानुसार देय होगा –

    - अतिथि व्याख्याता मानदेय – 2,000/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 50,000/–)
    - अतिथि शिक्षण सहायक – 1,400/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 35,000/–)
11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता – कुलसचिव, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किये गये अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालयीन स्थापना के अन्तर्गत नहीं माना जाएगा, और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अन्तर्गत लोक–सेवक नहीं कहलाएगें।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यरत अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है, तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें संस्था में अनुशासन बनाए रखना होगा, तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्र संघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में सहयोग प्रदान करेगें।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती हैं तो सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जावेगी तथा अगामी शैक्षणिक सत्र में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होगें।
17. किसी भी विवाद की स्थिति निर्मित होने पर विश्वविद्यालय के मान. कुलपति जी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**कुलसचिव**
**संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय**
**सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)**

# SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SARGUJA AMBIKAPUR (C.G.)

## Application Form for Guest Lecturer

**For Academic Session 2026-27**

Prefix passport size recent Photograph in white background

Subject Applied for: ………………………………………

Subject Serial No: ………………………………………

Advt. No.: ………………………………………

Last date of Submission: ………………………………………

**(A) Personal Details**

| | |
|---|---|
| Name (in English Capital Letters) | |
| Name (in Hindi) | |
| Father's/Husband's Name | |
| Date of Birth (DD/MM/YYYY) | |
| Gender (Male/Female/Other) | |
| Marital Status (Married/Unmarried/Divorce) | |
| Category (SC/ST/OBC/UR) | |
| Address for Correspondence | ……………………………………………………………….. ……………………………………………………………….. ……………………………………………………………….. |
| Permanent Address | ……………………………………………………………….. ……………………………………………………………….. ……………………………………………………………….. |
| Mobile Number | |
| Email ID | |

**(B) Educational Qualifications**

| Degree | Subject | Name of Board/University | Year | % of Marks |
|---|---|---|---|---|
| High School | | | | |
| Higher Secondary | | | | |
| Undergraduate | | | | |
| Postgraduate | | | | |
| MPhil | | | | |
| PhD | | | | |
| NET/SET | | | | |
| Other | | | | |

**(C) Teaching Experience**

| S.N. | Name of College/University | Year | Period | Post |
|---|---|---|---|---|
| 01 | | | | |
| 02 | | | | |
| 03 | | | | |
| 04 | | | | |
| 05 | | | | |
| 06 | | | | |

**(D) Research Publications**

| S.N. | Title of Paper | Name of Journal /Publisher | ISSN/ISBN | UGC Approved/ Peer Reviewed/ Other/NA |
|---|---|---|---|---|
| 01 | | | | |
| 02 | | | | |
| 03 | | | | |
| 04 | | | | |
| 05 | | | | |
| 06 | | | | |

**Note- Kindly attach self-attested photocopy of all Make sheet, Experience Certificate, Research Paper and other relevant documents.**

Other Relevant Information if any: ……………………………………………………………………...

…………………………………………………………………………………………………………..

…………………………………………………………………………………………………………..

…………………………………………………………………………………………………………..

**Declaration:**

I, hereby declare that the facts stated above are true to the best of my knowledge. I Shall have no right to represent in case of the information is found wrong and my application shall be treated as rejected.

Date: …………………….

Place: ……………………

**Signature of Applicant**